# संचय
# SANCHAYA

रा ब सं
जनसेवा में 50 वर्षों से अधिक
**NSI**
*Over 50 Years in Service of People*

मासिक प्रकाशन | Monthly Publication

मई 2008 (अंक 179) | May 2008 (Issue 179)




श्री अनिल भट्टाचार्या, निदेशक एवं प्रमुख राष्ट्रीय बचत संस्थान (बाँये से तिसरे) और श्रीमती श्यामा एस. बन्सिया निदेशक (बजट) वित्त मंत्रालय, 21–23 मई 2008 के दौरान सियोल, कोरिया में सम्पन्न विश्व बचत बैंक संस्थान के एशिया पेसिफिक क्षेत्रीय समूह की बैठक में (बाँये से दाँये) मि. उपल गुणरत्ने सी.ई.ओ., श्रीलंका, मि. क्रीस डी नूज प्रबंध निदेशक विश्व बचत बैंक संस्थान और मि. जोस ओलिवरैटा आरकोस, अध्यक्ष विश्व बचत बैंक संस्थान के साथ।

## भारत ने विश्व बचत बैंक संस्थान के निदेशक मंडल एवं एशिया प्रशान्त क्षेत्रीय समूह की सियोल, कोरिया में हुई बैठक में भाग लिया।

वित्त मंत्रालय, भारत सरकार ने श्री अनिल भट्टाचार्या, निदेशक एवं विभागाध्यक्ष, राष्ट्रीय बचत संस्थान, वित्त मंत्रालय एवं श्रीमती श्यामा एस. बंशिया, निदेशक, (बजट), वित्त मंत्रयालय को विश्व बचत बैंक संस्थान की 8 वीं सम्पर्क व्यक्तियों की बैठक एवं विश्व बचत बैंक सस्थान की एशिया प्रशान्त क्षेत्रीयं समूह की 14 वीं बैठक जो हाल में ही सियोल, कोरिया में सम्पन्न हुई, में नामांकित किया था। इस बैठक का विषय था – 'खुदरा बैंकिंग में अधिक प्रतिस्पर्धा के लिये विश्व बचत बैंक संस्थान के नेटवर्क में सहयोग का विकास'। पूरे विश्व के 60 से अधिक देशों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

इस बैठक का उद्घाटन मि. जोस एन्टोनी ओलिवरैटा आरकोस, अध्यक्ष, विश्व बचत बैंक संस्थान ने किया। अपने उद्घाटन सम्बोधन में उन्होंने कहा कि आपसी लाभ एवं उद्योग के अवसरों को बढाने के लिये एशियन देशों के बीच बैंक के नेटवर्क के विकास की जरूरत है। उन्होंने यह भी कहा कि कोई देश पृथक होकर कार्य नहीं कर सकता है। सीमा पार प्रशिक्षण की व्यवस्था होनी चाहिए एवं देशों को एक दूसरे के अनुभव एवं निपुणता का लाभ उठाना चाहिए जिसे उन्होंने आपसी लाभ के लिये विकसित किया है। इस बैठक में विभिन्न विषयों जैसे कार्यसूचि के मसौदे का अनुमोदन, 13 वीं क्षेत्रीय समूह बैठक के कार्यवृत्त मसौदे का अनुमोदन इत्यादि विषयों पर चर्चा हुई। श्री सियोक बॉन किम, अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी कोरिया फेडरेशन सेविंग बैंक ने बैठक में भाग लेने पर सभी प्रतिनिधियों का धन्यवाद किया।


राष्ट्रीय बचत संस्थान
NATIONAL SAVINGS INSTITUTE

http://nsiindia.gov.in.

राष्ट्रीय बचत संस्थान, सी.जी.ओ. कॉम्पलेक्स, सेमिनरी हिल्स, नागपुर National Savings Institute, CGO Complex, Seminary Hills, Nagpur




श्री अनिल भट्टाचार्य, निदेशक एवं विभागाध्यक्ष राष्ट्रीय बचत संस्थान, सियोल कोरिया में 22 मई 2008 को विश्व बचत बैंक संस्थान द्वारा आयोजित बैठक में ''राष्ट्रीय बचत संस्थान के विशेष संदर्भ में एशिया में सूक्ष्म वित्त के क्षेत्र में विकास एवं सुझाव'' पर पेपर प्रस्तुत करते हुए।

## निदेशक, एन.एस.आई. ने सियोल कोरिया में विश्व बचत बैंक संस्थान एशिया पैसिफिक क्षेत्रीय समूह की बैठक के दौरान पेपर प्रस्तुत किया।

श्री अनिल भट्टाचार्या निदेशक एवं प्रमुख राष्ट्रीय बचत संस्थान ने 'राष्ट्रीय बचत संस्थान के सन्दर्भ में एशिया में सूक्ष्म वित्त में विकास एवं झुकाव' विषय पर अपने पेपर प्रस्तुत किया। उनके प्रस्तुतीकरण को सहभागियों ने बहुत प्रशंसा की क्योंकि भारत में सूक्ष्म वित्त का क्षेत्र अच्छी तरह से विकसित है एवं बहुत सारी एजेन्सियॉ जैसे – नाबार्ड, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों, सहकारी बैंकों, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक एवं कुछ गैरसरकारी संस्थाएँ सूक्ष्म वित्त के बढोत्तरी के लिये ग्रामीण जनता के बीच कार्य कर रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भारत में अधिक संख्या में ग्रामीण क्षेत्रों का जुड़ाव बैंकों अवं डाकघरों से नही है और गरीबों तक वित्तीय संस्थाओं को पहुचाने की जरूरत है जिससे कि देश की आर्थिक विकास की मुख्य धारा में उन्हें भी लाया जा सके।

प्रस्तुतीकरण के दरम्यान श्री भट्टाचार्या ने यह भी कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग को बढाने में राष्ट्रीय बचत संस्थान ने अहम भूमिका निभाया है। खासकर सूक्ष्म वित्त के क्षेत्र में राष्ट्रीय बचत संस्थान ने वियतनाम डाक सेवा कम्पनी के वरिष्ठ अधिकारियों एवं सरकारी बचत बैंक, मंगोलिया के कार्यकारी निदेशकों को प्रशिक्षण दिया है ताकि वित्त तक पहुँच में वे सुधार ला सकें। श्री भट्टाचार्या ने प्रतिनिधियों को जानकारी दी कि राष्ट्रीय बचत संस्थान, वित्त मंत्रालय ने पहली बार विश्व बचत बैंक संस्थान जनरल एसेम्बली की 15 वीं बैठक का आयोजन दिल्ली में 6 जून 2008 को करने जा रही है जिसमें विश्वभर के करीब 100 देशों के प्रतिनिधि भाग लेंगे।




श्रीमती करूणा पिल्लई, पोस्टमास्टर जनरल कर्नाटक क्षत्र बैंगलोर में राष्ट्रीय बचत संस्थान द्वारा आयोजित महिला बचत दिवस समारोह के अवसर पर उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करती दिखाई दे रही है। साथ ही (बायें से दायें) श्री एस.आर. हनचीनमणि, वरिष्ठ मण्डल प्रबंधक, एल.आई.सी. बैंगलोर, श्रीमती उषा आर. नायर, प्रबंधक, एस.बी.आई. बैंगलोर, श्रीमती विजया वरिष्ठ पत्रकार एवं महिला कार्यकर्ता, बैंगलोर, श्री. बी. राजु बाबु, क्षेत्रीय निदेशक, एन.एस.आई. बैंगलोर भी दिखाई दे रहे है।



श्री अरूणेश चावला, अपर आयुक्त (वित्त) बिहार सरकार, 20 मई 2008 को पटना में राष्ट्रीय बचत संस्थान कोलकता केन्द्र एवं राष्ट्रीय बचत निदेशालय बिहार सरकार द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में बिहार सरकार के अल्प बचत अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए दिखाई दे रहे है। साथ ही (बायें) श्री खुर्शीद अहमद, उप सचिव तथा संयुक्त निदेशक, राष्ट्रीय बचत, बिहार सरकार श्री जमील असगर क्षेत्रीय निदेशक (वरिष्ठ) (बायें) राष्ट्रीय बचत संस्थान कोलकता भी दिखाई दे रहे है।

## एन.एस.आई. ने बिहार सरकार के अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया।

राष्ट्रीय बचत संस्थान कोलकता के राष्ट्रीय बचत निदेशालय बिहार सरकार ने संयुक्त रूप से 20 मई 2008 को पटना में बिहार सरकार के अल्प बचत अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अधि. के. उत्पाद ज्ञान को अद्यतन कर कार्यकुशलता बढ़ाना था जिसमें कि वे राज्य में अल्प बचत जमा को संवर्धन कर सके।

श्री अरूणेश चावला अपर आयुक्त (वित्त) बिहार सरकार ने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया। अपने उद्घाटन सम्बोधन के दौरान उन्होंने कहाँ कि व्यक्तिगत विकास के लिए मानव संसाधन का प्रशिक्षण बहुत ही महत्वपूर्ण है चूँकि अल्प बचत अधिकारी संसाधनों के एकत्रीकरण में बहुत ही महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते है। उन्होंने वर्ष 2008-09 के दौरान सर्वाधिक शुद्ध जमा एकत्र करके पूरे देश में राज्य को प्रथम स्थान दिलाने पर अल्प बचत अधिकारियों को धन्यवाद भी दिया और सबसे अपील किया कि चूकि ग्रामीण भूभाग में बचत नहीं पहुँच पाई है इसलिए ग्रामीण क्षेत्रों में बचत को बढ़ावा दिया जाएँ। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह, वरिष्ठ व्याख्याता, आई.आई.बी.एम. पटना, श्री जमील असगर, क्षेत्रीय निदेशक (वरिष्ठ) रा.ब. संस्थान, एवं श्री बी.पी. सिन्हा, उपनिदेशक ने बाजारीय नीति एवं सम्प्रेषण दक्षता, राष्ट्रीय बचत के विभिन्न उत्पाद और अल्प बचत एजेन्सियों पर प्रशिक्षण दिया। श्री खुर्शीद अहमद, उप सचिव तथा संयुक्त निदेशक राष्ट्रीय बचत बिहार सरकार भी इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान उपस्थित थे। इसमें कुल 45 अधिकारियों ने भाग लिया।



श्रीमती सरोज कुमारी, चेअरपरसन समाज कल्याण बोर्ड, राजस्थान राष्ट्रीय बचत संस्थान सं. जयपुर केन्द्र द्वारा आयोजित महिला बचत दिवस समारोह के अवसर पर एम.पी.के.वी.वाय. अभिकर्ताओं को प्रमाणपत्र वितरित करते हुए दिखाई दे रहे है। साथ ही (बायें से दायें) श्री पी.बी. सेन, उपनिदेशक, श्री एम.के. मल्होत्रा क्षेत्रीय निदेशक रा.ब. संस्थान, श्रीमती रागिनी सहायक निदेशक रा.ब.सं. भी दिखाई दे रहे है।

## अप्रैल से मार्च 2008 के लिए अल्प बचत संग्रहण (प्रारंभिक आँकडे)

*(करोड रुपये)*

| क्र. सं. | क्षेत्र / राज्य | सकल | शुद्ध | सकल | शुद्ध |
|---|---|---|---|---|---|
| | | मार्च 2007 तक | | मार्च 2008 तक | |
| 1. | आंध्र प्रदेश | 9902.00 | 2276.98 | 9142.17 | -501.29 |
| 2. | अरूणाचल प्रदेश | 88.61 | 27.09 | 88.74 | 25.77 |
| 3. | असम | 1876.04 | -458.05 | 1516.13 | -555.93 |
| 4. | अंदमान निकोबार द्वीप | 31.80 | 13.54 | 22.78 | 3.39 |
| 5. | आर्मी पोस्ट ऑफीसेस | 264.11 | ^82.15 | 297.58 | -394.47 |
| 6. | बिहार | 5661.31 | 2994.23 | 5108.89 | 654.30 |
| 7. | झारखंड | 2604.34 | 1003.56 | 1879.56 | -38.07 |
| 8. | चंडीगढ | 398.81 | -59.46 | 386.64 | -179.87 |
| 9. | दमण एवं दीव | 407.43 | 1 10.80 | 413.91 | -146.31 |
| 10. | दिल्ली | 6193.33 | 1454.84 | 4316.48 | -1219.32 |
| 11. | गोवा | 552.43 | 305.56 | 329.05 | 0.20 |
| 12. | गुजरात | 14156.87 | 3104.18 | 11275.94 | -1753.97 |
| 13. | हरियाणा | 4844.41 | 711.60 | 4277.13 | -512.44 |
| 14. | हिमाचल प्रदेश | 2399.80 | 543.66 | 2181.39 | 42.58 |
| 15. | जम्मू व कश्मीर | 1529.61 | 319.50 | 1339.18 | -71.40 |
| 16. | कर्नाटक | 6885.89 | 1161.15 | 5088.88 | -653.52 |
| 17. | केरल | 4784.08 | 986.60 | 4030.24 | -613.99 |
| 18. | लक्षद्वीप | 2.02 | 0.92 | 1.82 | -0.77 |
| 19. | मध्य प्रदेश | 3943.82 | 509.84 | 3915.27 | -543.34 |
| 20. | छत्तीसगढ | 3768.08 | 2634.30 | 1334.62 | -55.08 |
| 21. | महाराष्ट्र | 16034.39 | 3451.41 | 12436.13 | -1752.18 |
| 22. | मणिपुर | 90.90 | 14.18 | 63.07 | -26.61 |
| 23. | मेघालय | 166.01 | 22.79 | 147.43 | 4.78 |
| 24. | मिझोरम | 84.34 | -5.65 | 72.89 | -20.03 |
| 25. | नागालैंड | 46.03 | 8.60 | 31.95 | -8.01 |
| 26. | उडीसा | 2762.19 | 715.10 | 2392.00 | 77.89 |
| 27. | पांडीचेरी | 159.88 | 35.20 | 129.81 | -21.44 |
| 28. | पंजाब | 9146.93 | 1515.98 | 7864.95 | -847.71 |
| 29. | राजस्थान | 7348.94 | 609.48 | 6560.89 | -1792.48 |
| 30. | सिक्कीम | 60.96 | -3.16 | 48.13 | -16.94 |
| 31. | तमिलनाडू | 10158.54 | 2637.25 | 7791.11 | -965.98 |
| 32. | त्रिपूरा | 435.18 | 111.43 | 368.72 | -19.09 |
| 33. | उत्तर प्रदेश | 16053.65 | 4022.28 | 14265.20 | 286.31 |
| 34. | उत्तरांचल | 2184.27 | 522.10 | 2041.32 | 138.52 |
| 35. | पश्चिम बंगाल | 19390.28 | 5945.57 | 15582.01 | 264.26 |
| | कुल | **154417.29** | **36761.24** | **126741.99** | **-11212.25** |

**टिप्पणी : डाक विभाग नई दिल्ली से प्राप्त आंकडे समायोजन के अधीन है। इन आंकडों में पी.पी.एफ. एवं एस सी एस एस (बैंक) संग्रह शामिल नहीं हैं।**

SHIVRAJ (D.G.P.S.) NAGPUR